दिनांक 10 अप्रैल 2020

स्वच्छ भारत अभियान
स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

सीवरेज के आसपास गुजरे हुए पाइपलाइन का होगा सर्वे, पाइप लाइन में पानी लीकेज होने पर शीघ्र होगी मरम्मत, निगम आयुक्त ऋतुराज रघुवंशी ने दिए सख्त निर्देश

भिलाई नगर/ नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र अंतर्गत जल जनित पीलिया बीमारी से बचाव तथा अन्य मौसमी बीमारी के बचाव एवं रोकथाम के लिए आज निगम सभागार में आयुक्त ऋतुराज रघुवंशी ने अधिकारियों की बैठक ली जिसमें सोशल डिस्टेंस का पालन किया गया! आयुक्त श्री रघुवंशी ने सीवरेज के आसपास गुजरी हुई पाइप लाइन का सर्वे करने के निर्देश दिए हैं इसके साथ ही उन्होंने कहा कि कहीं भी पाइप लाइन लीकेज की जानकारी प्राप्त होने पर तत्काल मरम्मत कार्य करावे तथा ऐसे लीकेज का भी निरीक्षण कराएं! उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट रूप से कहा कि जल शुद्धिकरण के लिए किसी भी संसाधनों की कमी ना रहे यह व्यवस्था सुनिश्चित करें! नालियों की सफाई पर भी विशेष ध्यान देकर निरंतर यह कार्य जारी रहे तथा सफाई पश्चात ब्लीचिंग एवं चूने का छिड़काव करें! अलग-अलग क्षेत्रों से कुआं, बोरवेल, हैंडपंप आदि जल स्रोतों के सैंपल परीक्षण के लिए 77 एमएलडी जल शोधन संयंत्र में निरंतर भेजें और परीक्षण उपरांत उचित कार्यवाही करें तथा जोन कार्यालय में भी कीट के माध्यम से पानी के सैंपल की जांच कराएं! उन क्षेत्रों को भी विशेष तौर पर चयनित कर लें जहां पहले पीलिया , डायरिया की शिकायतें प्राप्त हो चुकी है ताकि इन क्षेत्रों में बीमारी दोबारा अपनी पकड़ ना बना सके! एक बार पानी की सेंपलिंग हो जाने के पश्चात उसी जगह के पानी का निश्चित समय उपरांत पुनः सैंपलिंग के लिए नमूना का